No. of Printed Pages : 10 **DNHE–02**

# DIPLOMA IN NUTRITION AND HEALTH EDUCATION (DNHE)

## Term-End Examination

## June, 2025

## DNHE-02 : PUBLIC HEALTH AND HYGIENE

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note** : (i) Question No. **1** is compulsory.*

*(ii) Answer **five** questions in all*

*(iii) All questions carry equal marks.*

---

1. (a) Explain the following in 2-3 sentences each : 5×2=10

(i) Aflatoxicosis

(ii) Soft diets

(iii) National Sample Survey

(iv) Anaerobic method of composting

(v) Net Reproduction Rate

(b) Give the full form of the following abbreviations : 5×1=5

(i) CBR

(ii) NIDDCP

(iii) MPW

(iv) DOTS

(v) ICDS

(c) Give one word for each of the following : 5×1=5

(i) Carrier of infective agent from one host to another

(ii) Services available at the next higher level health institutions

(iii) Liquid waste discharged from a factory into a water source or on land

(iv) Loss of appetite

(v) Roundworm disease

2. (a) Describe the different ways in which indirect transmission of infections can occur. 10

   (b) Enumerate the activities that have a potential for accidents occurring at home. How can such accidents be prevented ? 10

3. (a) Describe the various metabolic changes occurring in fevers. 10

   (b) What is hypertension ? Explain its nutritional management. 10

4. Explain the dietary management of the following conditions : 10+10

   (i) Diabetes

   (ii) Liver disorders

5. (a) Describe the symptoms, complications and preventive strategies for diarrhoea.

   10

(b) Enumerate the various types of food poisoning of bacterial origin. Describe any *two* of them. 2+4+4

6. (a) Discuss the objectives, beneficiaries and strategies of the National Iron Plus Initiative. 10

(b) Describe the job functions of trained Dais working in villages. 10

7. (a) "Personal hygiene plays an important role in preventing diseases." Justify the statement giving suitable explanation about maintaining personal cleanliness. 10

(b) Explain the importance of employment generation initiatives in our country. Describe any *two* government initiatives in this direction. 2+4+4

8. Write short notes on any *four* of the following : 5+5+5+5

(a) Levels of healthcare

(b) Lathyrism

(c) Chemical methods of birth spacing

(d) Methods employed for large scale purification of water

(e) Passive immunization

# DNHE–02

## पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा में डिप्लोमा

## (डी. एन. एच. ई.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2025

## डी.एन.एच.ई.–02 : जनस्वास्थ्य और स्वच्छता

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *(i) प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है।*

*(ii) कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

*(iii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

---

1. (क) निम्नलिखित में से प्रत्येक को 2–3 वाक्यों में स्पष्ट कीजिए : 5×2=10

(i) ऐफ्लाटोक्सिकोसिस

(ii) नरम आहार

(iii) राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण

(iv) सम्मिश्रण/वानस्पतिक खाद बनाने की अवायवीय पद्धति

(v) निवल जनन दर

(ख) निम्नलिखित संक्षिप्त रूपों को विस्तार रूप दीजिए : 5×1=5

(i) सी. बी. आर.

(ii) एन. आई. डी. डी. सी. पी.

(iii) एम. पी. डब्ल्यू.

(iv) डी. ओ. टी. एस.

(v) आई. सी. डी. एस.

(ग) निम्नलिखित के लिए **एक-एक** शब्द दीजिए : 5×1=5

(i) एक परपोषी से दूसरे में संक्रामक कारक का वाहक

(ii) अगले उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध सेवाएँ

(iii) किसी कारखाने से जल स्रोत या भूमि पर तरल अपशिष्ट का निस्सरण

(iv) भूख में कमी

(v) गोलकृमि रोग

2. (क) उन विभिन्न तरीकों का वर्णन कीजिए जिनसे संक्रमण का अप्रत्यक्ष संचरण हो सकता है। 10

(ख) उन गतिविधियों को बताइए जिनसे घर पर दुर्घटनायें होने की संभावना होती है। ऐसे हादसों को कैसे रोका जा सकता है ? 10

3. (क) बुखार में होने वाले विभिन्न चयापचय परिवर्तनों का वर्णन कीजिए। 10

(ख) उच्च रक्तचाप क्या है ? इसके पोषण प्रबंधन को समझाइए। 10

4. निम्नलिखित स्थितियों के आहार प्रबंधन को समझाइए : 10+10

(i) मधुमेह

(ii) यकृत सम्बन्धी विसंगतियाँ

5. (क) दस्त के लक्षण, जटिलताओं तथा निवारक उपायों का वर्णन कीजिए। 10

(ख) जीवाणु से उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार की खाद्य विषाक्तता को बताइए। उनमें से किन्हीं **दो** का वर्णन कीजिए। 2+4+4

6. (क) नेशनल आयरन प्लस पहल के उद्देश्यों, लाभार्थी तथा रणनीतियों पर चर्चा कीजिए। 10

(ख) गाँवों में कार्यरत प्रशिक्षित दाईयों के कार्यों का वर्णन कीजिए। 10

7. (क) "बीमारियों से बचाव में व्यक्तिगत स्वच्छता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।" व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लिए उपयुक्त स्पष्टीकरण देते हुए इस कथन की पुष्टि कीजिए। 10

(ख) हमारे देश में रोजगार सृजन पहलों के महत्व को स्पष्ट कीजिए। इस दिशा में सरकार की किन्हीं **दो** पहलों का वर्णन कीजिए। 2+4+4

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 5+5+5+5

(क) स्वास्थ्य देखभाल के स्तर

(ख) कलायखंज

(ग) जन्म अंतराल के रासायनिक उपाय

(घ) बड़े पैमाने पर जल के शुद्धिकरण के लिए नियोजित तरीके

(ङ) निष्क्रिय टीकाकरण

× × × × ×